उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ-226010

विज्ञप्ति संख्या- 24 (परीक्षा)/2016

सम्मिलित प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016

आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि- 15-09-2016

आवेदन सबमिट किए जाने की अंतिम तिथि- 05-10-2016

आयोग के विज्ञापन संख्या-17- परीक्षा/2016 द्वारा सारिणी-1 में उल्लिखित विभागों में ''प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ'' के कुल 921 रिक्त पदों, जिनका आरक्षित श्रेणीवार विवरण नीचे सारिणी-1 में दिया गया है, के सापेक्ष लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन हेतु, भारत के नागरिकों से दिनांक 15-09-2016 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाने है।

सारिणी-1

					रिक्त पदों का श्रेणीवार विवरण					
पद क्रम सं.	विभाग का नाम	पद नाम	वेतन बैन्ड/ वेतनमान/ ग्रेड पे	01 जुलाई, 2016 को आयु (न्यूनतम-अधिकतम) वर्षों में	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	कुल पद	पदों की प्रकृति
1-	महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ	प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ	रु. 5200-20200/- ग्रेड पे-2800/-	18-40	366	153	14	196	729	अस्थायी
2-	महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ	प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ	रु. 5200-20200/- ग्रेड पे-2800/-	18-40	111	52	00	29	192	अस्थायी
	कुल पद				477	205	14	225	921	

नोट- उक्त तालिका के क्रमांक-2 पर उल्लिखित विभाग की रिक्तियों में विभिन्न मेडिकल कॉलेज के पद संकलित है, चूंकि प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के पदों का सृजन अलग-अलग है, इसीलिये प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के सृजित पदों पर अलग-अलग श्रेणीवार आरक्षण निकालकर उन्हें संकलित कर दर्शाया गया है।

उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों तथा क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित अन्य श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की सुविधा और प्रदेश सरकार के अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अनुमन्य है, को अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार क्रमशः आरक्षण की सुविधा (विभाग द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर) एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी। अतः उपर्युक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, जो निम्नलिखित सारिणी-2 में पद के सम्मुख अंकित शैक्षिक अर्हता रखते हों और जो 01 जुलाई, 2016 को पद के सम्मुख अंकित आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के अंतर्गत आते हों, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक):-

उपर्युक्त सारिणी-1 में उल्लिखित ''प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ'' के पदो पर चयन हेतु, जिनका पदवार उल्लेख सारणी-2 में किया गया है, उनके सम्मुख उल्लिखित अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक) अभ्यर्थियों को आवेदन सबमिट किए जाने की अंतिम तिथि तक अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए :-

सारिणी-2

पद क्रमांक	विभाग का नाम	पद नाम	अनिवार्य अर्हता
1-	महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ	प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ	1- अभ्यर्थी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की विज्ञान के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो और उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा दिया गया प्रयोगशाला तकनीशियन डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से उसके समकक्ष कोई डिप्लोमा रखता हो।
2-	महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ	प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ	2- माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की विज्ञान के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो और उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा दिया गया प्रयोगशाला तकनीशियन डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से उसके समकक्ष कोई डिप्लोमा रखता हो।

अधिमानी अर्हता:- उपर्युक्त पदों के लिए अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जाएगा, जिसने-

1- प्रादेशिक सेना में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या,

2- राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

10- **चयन का आधार-** लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार है। प्रश्नगत पदों पर चयन मा. उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश सीधी भर्ती समूह 'ग' (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर) के पदों के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया नियमावली-2002 यथासंशोधित उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2014 दिनांक 29 जनवरी 2014 के अनुसार किया जायेगा। तदनुसार लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि के संबंध में यथा समय सूचित किया जाएगा।

विशेष नोट:- 1- आयोग के विज्ञापन संख्या-14 परीक्षा 2016, सम्मिलित प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ व लैब टेक्नीशियन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016 के सम्बन्ध में मा. उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ में योजित रिट याचिका संख्या-18077 (एस/एस)/2016 केशपाल तथा दो अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 19-08-2016 के अनुपालन में प्रश्नगत पदों पर चयन की कार्यवाही उत्तर प्रदेश सीधी भर्ती समूह 'ग' (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर) के पदों के लिए सीधी

भर्ती प्रक्रिया नियमावली-2002 यथासंशोधित 2014 के अनुसार की जानी है। यह भी उल्लेख करना है कि ऐसे अभ्यर्थी जो आयोग के विज्ञापन संख्या-14 परीक्षा 2016 द्वारा सम्मिलित प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ व लैब टेक्नीशियन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016 के अंतर्गत आवेदन कर चुके हैं उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

2- प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ व लैब टेक्नीशियन के कुल रिक्त 770 पदों पर चयन के सम्बन्ध में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या-19 (परीक्षा)/2016 व तदनुक्रम जारी विज्ञापन संख्या-14 परीक्षा/2016 को मा. उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 19-08-2016 के अनुपालन में निरस्त करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को आवश्यक सूचना संख्या-129/सूचना/16 विज्ञापन अनुभाग/2016/14 परीक्षा/2016 दिनांक 24-08-2016 द्वारा अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा चुका है।

उपरोक्त पदोंके संबंध में विज्ञापन की शर्तें, निर्धारित प्रारूप आदि का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर दिनांक 15-09-2016 से उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन सबमिट **(Submit)** करने की अंतिम तिथि दिनांक 05-10-2016 है। इच्छुक अभ्यर्थी ई-चालान/आई कलेक्ट के माध्यम से दिनांक 03-10-2016 तक अपना शुल्क जमा कर सकते हैं। आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 15-09-2016 से प्रारम्भ होगी।

सचिव
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

UP-110985 दिनांक-9-09-16 विज्ञापन वेबसाइट **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है

यह भी देखें

Sponsored Links by Taboola

Satyagrah

RGV & KJo Bond Over Ae Dil Hai Mushkil Trailer
LiveinStyle.com by Diageo

'Ambulances Are Not For The Dead': She Sat On Road With Her Dead Daughter
ndtv.com

Win the Battle Against all Kinds of Hair Problems
Skin and Hair Academy